Board (Administration) Rules, 1962. [*Placed in Library. See* No. LT—1322/77].

DELHI SALES TAX (4TH AMDT.) RULES, 1977 AND NOTIFICATION UNDER CUSTOMS ACT, 1972

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SATISH AGRAWAL): On behalf of Shri Zulfiquarullah, I beg to lay on the Table—

(1) A copy of the Delhi Sales Tax (Fourth Amendment) Rules, 1977 (Hindi and English versions) published in Notification No. F.4(8)/76-Fin. (G) in Delhi Gazette dated the 2nd December, 1977, under section 72 of the Delhi Sales Tax Act, 1975. [*Placed in Library. See* No. LT—1323/77].

(2) A copy of Notification No. G.S.R. 726(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 1st December, 1977, under section 159 of the Customs Act, 1962 together with an explanatory memorandum. [*Placed in Library. See* No. LT—1324/77].

---

12.18 hrs.

## MESSAGE FROM RAJYA SABHA

SECRETARY: Sir, I have to report the following message received from the Secretary-General of Rajya Sabha:—

"I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 8th December, 1977, considered the Banking Service Commission (Repeal) Bill, 1977, which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 5th December, 1977 and the Bill was not agreed to by the Rajya Sabha, the motion that the Bill be taken into consideration having been negatived by the Rajya Sabha."

---

## ASSENT TO BILL

SECRETARY: Sir, I lay on the Table the Water (Prevention and Control of Pollution) Cess Bill, 1977 passed by the Houses of Parliament during the current session and assented to since a report was last made to the House on the 15th November, 1977.

---

12.19 hrs.

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

REPORTED PEKING RADIO BROADCAST ON BORDERS

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK (Sonepat): Sir, before you call on the Minister to make a statement in response to the Calling Attention, I want to bring to your kind notice that a copy of the statement has not been provided to any of the members who have given notice of the Calling Attention. In fact, we should have been provided with a copy in advance. I asked a messenger for a copy and he informed me that the Notice Office has not received any statement up till now from the External Affairs Ministry. It is very unfortunate. How can the subject be discussed in the House unless and until we know what the Government have to say?

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): The anti-Chinese lobby is still in action.

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: The messenger says that the Notice Office informs him that no such statement has been received today.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE): On behalf of the External Affairs Ministry, I apologize to the House, but I think the statement has been circulated.

MR. SPEAKER: I will see to it that hereafter a copy is circulated.

श्री बृज भूषण तिवारी (खलीलाबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से अविलम्बनीय लोक-महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर विदेश मंत्री का ध्यान आकर्षित करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वे इस बारे में एक वक्तव्य दें—

"पीकिंग से हाल में प्रसारित एक वार्ता, जिसमें अपनी सीमाओं की रक्षा करने के चीन के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया गया है और जिसका अर्थ विश्व के समाचार-पत्रों ने भारत को चेतावनी लगाया है।"

SHRI VAYALAR RAVI: Sir, on a point of submission. You in your wisdom on Friday allowed a member belonging to our party, the Congress Party, Shri Alagesan, to raise a very important matter under rule 377, because we are concerned, the Congressmen are concerned about it. This is regarding the statement made by the hon. Minister, Shri Vajpayee, at Indore ...... (*Interruptions*): I am not referring to the privilege motion. In the statement he has mentioned...

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar): Sir, he can raise it after the Calling Attention is over.

SHRI VAYALAR RAVI: I want to raise it before that. We will not hear the Minister till then.

MR. SPEAKER: I do not know what exactly is the point of order he is raising.

SHRI VAYALAR RAVI: Only a submission.

MR. SPEAKER: Is it relating to the question?

SHRI VAYALAR RAVI: Relating to the Minister.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: He cannot raise or discuss the conduct of the Minister in this way.

SHRI VAYALAR RAVI: Irresponsible utterances have been made. We are not going to allow him to speak. We will not hear him. Let the Prime Minister direct him...... (*interruptions*)

SHRI KANWAR LAL GUPTA: Sir, I want to raise a point of order.

THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): Let the Speaker hear the other side. Why should we get up in the middle? Let them speak and let the Speaker decide it.

SHRI K. LAKKAPPA: My submission is about the conduct of the Minister in making a statement, equating Congress Party with Anand Marg, on the day Shri Alagesan has been allowed to raise it under rule 377. Therefore, it is an insult to Parliament and a reflection on Parliament.

MR. SPEAKER: There is a privilege motion on this subject. I have asked the Minister for his comments. Therefore, until I know his comments, I cannot say anything, (*Interruptions*) The privilege motion came to my notice only this morning. Immediately I have asked for the comments of the hon. Minister. I will consider it according to rules.

SHRI VAYALAR RAVI: The Minister is here.

MR. SPEAKER: Please do not record hereafter.

**THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): May I request my hon. friends to abide by the Spea-

**Not recorded.

ker's ruling? He has accepted the calling attention notice. That also will be considered in a proper manner. By raising things unnecessarily, we are not doing any good to the dignity of the House.

SHRI VAYALAR RAVI: I am not raising the matter of privilege now. I am only requesting the hon. Minister for his comments. If he denies it, that is the end of the matter.

DR. KARAN SINGH (Udhampur): The position is this. We have got to set up high parliamentary traditions in this House. The hon. Minister has been reported rightly or wrongly as saying that if the Anand Marg has to be banned, a Congress ban should also be considered. You will appreciate that there are 150 Members of the Indian National Congress in this House. The hon. Minister is an intelligent person. I am surprised that even intelligent men sometimes make unintelligent remarks, but that is a different matter. After all, the House is agitated. You may go into the privilege matter in your wisdom, that is a different matter, but I would say that if we are going to equate the Indian National Congress with the Anand Marg, I do not know how the Prime Minister or his Cabinet colleagues can do that. If he clarifies the matter, the unpleasantness will end, and the matter will be over.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE): I am sorry I was not present in the House when my hon. friend Mr. Alagesan raised this issue. I would have replied to him then and there had I been present, but now that the attention of the Minister has been called, may I request my Congress friends to permit me to read out the statement about the Chinese broadcast, and let the call attention be disposed of and then I will clarify the whole thing.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: I had raised a point of order. My point of order is regarding the procedure. You had asked the Member to call the attention of the Minister. You should not allow this discussion in between.

MR. SPEAKER: Why are you unnecessarily technical about this matter?

**विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी)** : अध्यक्ष महोदय, 27 नवम्बर, 1977 को रेडियो पीकिंग से अंग्रेजी भाषा में हुए एक प्रसारण की ओर सरकार का ध्यान दिलाया गया है । इस प्रसारण का जो पाठ हमारे पास उपलब्ध है, उसके अनुसार इसमें चीनी जनवादी मुक्ति सेना के गुणों का एक लेखा-जोखा दिया गया था और इस संदर्भ में अक्तूबर-नवम्बर, 1962 में सीमा पर भारत के साथ तथा मार्च, 1969 में सोवियत संघ के साथ और जनवरी, 1974 में तत्कालीन वियतनाम गणराज्य के साथ हुई मुठभेड़ों का उल्लेख किया गया था । इस प्रसारण में अन्य बातों के साथ-साथ अक्तूबर-नवम्बर, 1962 में भारत-चीन सीमा की घटनाओं को, संक्षेप में, सीमावर्ती लड़ाइयों के सुविदित चीनी विवरण की शब्दावली में दोहराया गया था।

भारत चीन सीमा के प्रश्न पर भारत सरकार का रवैया सुविदित है । हमारे मानचित्रों पर हमारी यह सीमा स्पष्ट रूप से अंकित है और 1961 की अधिकारियों की रिपोर्ट में भारत-चीन सीमा के संदर्भ में भारतीय पक्ष के समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत हैं ।

यह सदन भारत और चीन के बीच 1962 की लड़ाई के तथ्यों से भी भलीभांति परिचित है । परम्परागत सीमा के पार भारत द्वारा आक्रमण किए जाने का कोई प्रश्न नहीं, जब कि यह बात सभी जानते हैं कि सच्चाई इससे बिलकुल उल्टी है ।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

इस प्रकार, लगता यह है कि रेडियो पीकिंग का 27 नवम्बर का प्रसारण सीमा संघर्षों पर सुपरिचित चीनी पाठ की एक पुनरावृत्ति मात्र ही थी जिसमें कि चीनी जनवादी मुक्ति सेना ने 1962 से 1974 के बीच जो कुछ किया उसका विवरण था। इस प्रसारण में भारत के अतिरिक्त सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ और वियतनाम लोक गणराज्य का भी इसी तर्ज पर उल्लेख किया गया है।

यह निश्चय ही खेद की बात है कि आधिकारिक चीनी प्रचार माध्यम पर इस प्रकार का वक्तव्य दिया गया, खास तौर पर ऐसे समय में जब कि भारत चीन सीमा के संबंध में अपनी स्थिति पर दृढ़ रहते हुए, हमने द्विपक्षीय संबंधों के सुधार की चेष्टा की है। अपनी प्रादेशिक अखंडता और राष्ट्रीय गौरव के अनुरूप तथा शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व और दोनों देशों के बीच परस्पर लाभदायक द्विपक्षीय संबंधों के आधार पर, हम यह उम्मीद करते हैं कि चीन के साथ हमारे संबंधों के सुधार की यह प्रक्रिया इस प्रकार के वक्तव्यों से, जो तथ्यों की दृष्टि से गलत और अनावश्यक रूप से भड़काने वाले हैं, अवरुद्ध नहीं की जाएगी।

**श्री बृज भूषण तिवारी** : अध्यक्ष महोदय, माननीय विदेश मंत्री का बयान अभी बहुत ही जल्दी हमको मिला और उसके बाद जो अभी सुनने को मिला उसकी शब्दावली तो बहुत अच्छी रखी गई है, परन्तु वह जितना साफ होना चाहिए था उतना है नहीं और जितनी गंभीरता से इस ब्राडकास्ट के विषय को लेना चाहिए था वह लिया नहीं गया। भारत चीन सीमा के संबंध में तत्कालीन सरकार, जो पुरानी सरकार थी उस की नीति के बारे में इस देश को और इस सदन को पता है और इसीलिए बराबर उस पिछली सरकार को राष्ट्रीय शर्म की सरकार कहा गया था। हमारे विदेश मंत्री भी उससे राजी थे और यही कारण था कि भारत माता के सपूतों ने भारत मां का अपमान करने का बदला हमारे कांग्रेसी साथियों को दिया जिससे कि वे उधर बैठे हुए हैं...... (**व्यवधान**)... मेरे बोलने से वे इतने उत्तेजित न हों।

मान्यवर, यह एक राष्ट्रीय समस्या है और इस राष्ट्रीय समस्या को उसी संदर्भ में देखना चाहिए। इधर चीन की जो नीति रही है बराबर उसने सीमा के विवाद को माना है। आज भी वे सीमा के विवाद पर इस बात को स्वीकार नहीं करते. वे कहते है कि यह जो भारत और चीन के बीच में सीमा है यह न तो पहले इतिहास में कभी अंकित थी, न हम उसको अंकित मानते हैं। वे उस पर अपने विवाद को मानते हैं।

इसके साथ ही साथ भारत चीन के सम्बन्ध में जो लगातार इधर प्रयास किए गए हैं, कई ऐसी खबरें आई हैं कि उन्होंने टीटो साहब के जरिए से या अमरीकी अधिकारी वांस के जरिए अपनी शर्तें भारत सरकार तक पहुंचाई हैं और हमारे प्रधान मंत्री जी ने जापान अखबार के साक्षातकार में जो बातें कही हैं उसके सन्दर्भ में भी अपनी नाराजगी जाहिर की है, दलाई लामा के बारे में भी, जो मुलाकात प्रधान मंत्री जी से हुई उसके बारे में भी अपनी नाराजगी जाहिर की है और साथ ही साथ यह भी सूचना है कि दलाई लामा के पास चोरी-छिपे इस प्रकार की सूचना या खबर भेजी जा रही थी कि हम किसी प्रकार का समझौता करना चाहते हैं क्योंकि आज चीन की विदेश नीति के सामने प्रारम्भिक सवाल यह है कि इस मुल्क के सम्बन्ध में क्या निर्णय लेते हैं। 1962 में इसी सदन ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया था:

"With hope and faith this House affirms the firm resolve of the Indian people to drive away the aggressor from the sacred soil of India however long and hard the struggle may be."

लोकसभा ने सर्वसम्मति से जो यह प्रस्ताव पास किया था इसके साथ हम आज भी हैं। हमारे विदेश मंत्रीजी ने कहा कि चीन के साथ हमारे सम्बन्ध मधुर हो रहे हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : मैं ने यह नहीं कहा।

**श्री बृज भूषण तिवारी** : आपने कहा कि हम ट्रेड और कल्चरल सम्बन्ध बढ़ा रहे हैं। मैं इसका स्वागत करता हूं। मैं नहीं चाहता कि हम आक्रामक हों या और किसी तरह की बात हो। मैं स्पष्ट रूप से सरकार से पूछना चाहता हूं कि चीन के साथ यदि आपको कोई वार्ता करनी हैं तो इस प्रस्ताव के सन्दर्भ में आप कौन सी बुनियाद रखना चाहेंगे जिस पर आपकी बातचीत हो सके। (**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय, मैं तीन प्रश्न पूछना चाहता हूं। चीन के साथ हमारी जो वार्ता होने वाली है उसमें जो हमारी सीमा है, एक लाख वर्गमील भूमि जो आज चीन के कब्जे में है उसके सम्बन्ध में वार्ता के लिए ठोस आधार क्या होगा? इसके साथ ही तिब्बत का भी मामला है, चीन की सरकार बराबर इस बात को उठा रही है तो तिब्बत की आजादी के बारे में भी हमको विचार करना चाहिए। तो इस सन्दर्भ में भी क्या सरकार अपनी विदेश नीति में पुर्नविचार करने की बात सोच रही है? साथ ही साथ इस सारे सन्दर्भ में क्या सरकार चीन सम्बन्धी स्थिति का विश्लेषण करने के लिए सरकारी, गैर-सरकारी एवं संसदीय विशेषज्ञों की गोष्ठी बुला कर शीघ्रातिशीघ्र विदेश मंत्रालय को अपनी चीन सम्बन्धी नयी नीति की दिशा निर्धारित करने पर विचार करेगी क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है और इसका बुनियादी हल जरूरी है। यदि इसका बुनियादी हल नहीं किया गया तो हमारे संबंध बिगड़ सकते हैं और हम बड़े खतरे में पड़ सकते हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो कुछ कहा उसमें से यह भावना निकलती है कि शायद शब्दावली अच्छी है लेकिन शब्दावली के पीछे जो भाव हैं उनसे वह सहमत नहीं हैं।

**श्री बृज भूषण तिवारी** : अस्पष्ट है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : वर्तमान सरकार के शब्द में और भाव में, शब्द में और कृति में कोई अन्तर नहीं है। जो कुछ हृदय में है, वही मुख पर है, उसी पर आचरण करेंगे। माननीय सदस्य को मेरे वक्तव्य में कुछ गम्भीरता की कमी दिखाई दी है। वे गम्भीरता को किस गज से नापते हैं, मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे दुख है कि यह मामला गम्भीर है और इसको हम गम्भीरता पूर्वक ले रहे हैं....

**श्री बृज भूषण तिवारी** : हम भी यही चाहते हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : मगर आप तो आरोप लगा रहे हैं कि गम्भीरता नहीं है और यह कह कर आप जिस पक्ष को पुष्ट करना चाहते हैं, उसको पुष्ट नहीं कर रहे हैं।

माननीय सदस्य ने तीन प्रश्न पूछे है—पहला कि चीन के कब्जे में जो भारत की भूमि है, उसके बारे में जब बातचीत होगी तो हमारा ठोस आधार क्या होगा? एक ही आधार होगा कि वह जमीन हमें वापस मिलनी

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

चाहिये । लेकिन प्रधान मंत्रीजी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि उस भूमि को लेने के लिये हम लड़ाई नहीं करेंगे, हम समझौता वार्ता के द्वारा सीमा सम्बन्धी प्रश्न को हल करने के लिये उत्सुक हैं ।

दूसरा प्रश्न उन्होंने यह पूछा कि एक गोष्ठी बुलानी चाहिये । अध्यक्ष महोदय, आपके निर्देश पर एक पार्लियामेन्ट्री कन्सलटेटिव कमेटी बनी हुई है जो सलाह देती है, अलग-अलग पार्टियों में भी इस प्रश्न पर चर्चा होती है । अगर माननीय सदस्य के दिमाग में कोई विशेष सुझाव है, तो उस को भेज दें, हम उस पर गम्भीरता के साथ विचार कर लेंगे ।

**श्री मुख्तयार सिंह मलिक :** स्पीकर साहब यह, काल-एटेन्शन आज सारे देश के लिये एक मैटर-आफ़-कन्सर्न है । यह बहुत ज्यादा नाजुक मामला है, इसको इतना लाइटली नहीं लिया जा सकता है, जैसे हंसी के अन्दर हमारे आनरेबिल मिनिस्टर आफ़ एक्सटर्नल अफेअर्स ने इस को टाल दिया । चीन के साथ जहां तक हमारे सम्बन्धों का ताल्लुक है--यह मामला बहुत ही ज्यादा गम्भीर है ।

स्पीकर साहब, अपने स्टेटमेन्ट में आनरेबिल मिनिस्टर ने बतलाया है कि--

What sort of statement? He further a statement should have been made on the official Chinese media...."

'What sort of statement? He further says:

"....we hope that the process of improvement in our relations with China will not be jeopardized by such factually incorrect and needlessly provocative statement."

एक तरफ़ तो आफीशियल मीडिया की बात कही गई है और दूसरी तरफ़ प्रोवोकेटिव स्टेटमेंट की बात है--क्या यह देश के लिये मामूली बात है ? अगर हमारी गवर्नमेन्ट भी उसी तरह से चलना चाहती हैं जैसे पहले कांग्रेस की गवर्नमेन्ट चलती थी--तब दूसरी बात है । वे इम्प्रूवमेन्ट आफ़ रिलेशन्ज को कैसे देखते थे--उनकी एम्बैसी में अगर हमारा कोई आदमी चला गया और उन्होंने उसको आंख मार दी, तो समझ लिया कि वह इम्प्रूवमेन्ट-आफ़-रिलेशन्ज है । हमारा कोई अफसर वहां गया और उसको देख कर चाऊ-एन-लाई साहब मुस्करा दिये, तो समझ लिया कि इम्प्रूवमेन्ट-आफ़-रिलेशन्ज हो गये । मंत्री महोदय आगे कहते हैं--

"....while maintaining our position on the Sino-Indian border, we have obtained an improvement in our bilateral relations."

यह क्या इम्प्रूवमेन्ट है--क्या मंत्री महोदय बतलायेंगे ? क्या वहां जा कर कोई नाच-गा आये, तो वह कल्चरल इम्प्रूवमेन्ट हो गया ? जब भी 1962 की लड़ाई का ज़िक्र करते हैं तो वे प्रोवोकेटिव स्टेटमेन्ट देते हैं--यह क्या इम्प्रूवमेंट है ? स्पीकर साहब, हमारे प्रधान मंत्रीजी ने ठीक कहा था । उन्होंने कहा था कि लड़ाई से इसको माल्व नहीं करना चाहते हैं, वे शान्ति के पुजारी हैं, सारा हिन्दुस्तान शान्ति का पुजारी है, लेकिन यह शान्ति कब तक रहेगी । तीस साल पुरानी तो हो चुकी है, आगे कितनी बढ़ती चली जायेगी, उसका मुझे पता नहीं है--लेकिन इसमें इम्प्रूवमेन्ट क्या हुआ है ?

स्पीकर साहब, यह स्टेटमेंट आया है 27 नवम्बर को । अब तो डिप्लोमेटिक रिलेशन्स चीन के साथ हो गये हैं और उन के आदमी यहां पर बैठे हुए हैं । तो मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या हमारी एक्सटर्नल मिनिस्ट्री ने, हमारे

फारेन एफेयर्स सेक्रेटरी ने या मंत्री जी ने या फारेन एफेयर्स के किसी आफिशियल ने उनको अपने यहां बुलाया और कोई इसके बारे में क्लेरीफिकेशन सीक किया है। यह जबानी सिविलाइज्ड लैंगुएज चाइना नहीं समझ सकता। जवाहरलाल नेहरू जी यह ख्याल कर सकते थे कि पंचशील का जिक्र करके उनके साथ दोस्ती की जाए लेकिन उन्होंने दोस्ती के अन्दर हमारी पीठ में छुरा भोंक दिया। यह जो सिविलाइज्ड लैंगुएज हमारे मंत्री महोदय बोल रहे थे तो मैं यह इम्प्रैस करना चाहता हूं कि इससे काम नहीं चलेगा क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते। चाइना, जो इस लैंगुएज के अन्दर, इस सभ्यता से आप बातें कर रह हैं, इससे नहीं मानेगा। मैं यह पूछना चाहता हूं कि यह जो प्रोवोकेटिव स्टेटमेंट दिया गया है, उसका क्लेरीफिकेशन अभी तक हुआ है या नहीं, इसके लिए प्रोटेस्ट अभी तक किया है या नहीं। वैसे मैं 'प्रोटेस्ट' के सख्त खिलाफ हूं।... (**व्यवधान**).... स्पीकर साहब मैं यह पूछना चाहता हूं कि मंत्री महोदय ने कोई क्लेरीफिकेशन इस बारे में ठीक किया है या नहीं। 27 तारीख का यह स्टेटमेंट है और आज 1? तारीख है। अभी तक इन्होंने कोई प्रोटेस्ट भेजा है या नहीं।

दूसरे इन्होंने रेजोल्यूशन का जिक्र किया। आज मंत्री महोदय ने कह दिया कि तिब्बत चीन का है। आज ये तिब्बत उनका होने की बात कहते हैं तो जो हमारी भूमि पर वे कब्जा किये हुए हैं, वह क्या चीन वालों की हो गयी। इस तरह से यह मामला सुलझेगा नहीं। सारा का सारा कन्ट्री इसके बारे में चिन्तित है। मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि वे हाऊस को कान्फीडेंस में लेने की कोशिश करें, उसको एक्सप्लेन करने की कोशिश करें। आप कहते हैं कि डिप्लोमेटिक रिलेशन्स हैं और कल्चरल रिलेशन्स हो गए और कुछ नाचना, गाना हो गया। मैं पूछना चाहता हूं कि यह जो मामला है, इसको कौन इनिशियेट करेगा। चाइना तो करने से रहा। वह तो हमारी भूमि दबा कर बैठ गया। हिन्दुस्तान की जो गवर्नमेंट है they do not proceed a step further towards that direction.

कैसे इस के बारे में बात होगी? अभी मंत्री महोदय बता रहे कि जब कभी वार्तालाप होगी, तो इसके बारे में बात होगी। मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इसके बारे में स्पष्ट उत्तर दें।

स्पीकर साहब मेरा नेक्स्ट क्वेश्चन यह है कि चीन का भूत हमारे सिर पर हर वक्त खड़ा रहता है और ऐसा मालूम देता है कि सन् 1962 की लड़ाई के बाद हम कुछ डिमोरेलाइज्ड हो गये हैं।

MR. SPEAKER: You have taken more than five minutes already: It is not allowed.

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: All right, Sir, I am concluding.

मैं यही कहना चाहता हूं कि चीन के साथ अपने सम्बंध में बराबरी का दावा करने के लिए हमारी जो फौज है, उसको क्या माडर्न हथियारों से लैस किया गया है। जब मंत्री जी इधर बैठते थे और हम भी इधर थे, तो कांग्रेस से डिमांड करते थे एटम और हाइड्रोजन बम बनाने के बारे में, तो क्या हमारी गवर्नमेंट भी वह नीति अपनाने के लिए तैयार है या नहीं? स्पीकर साहब, अगर आप बीच में न टोकते, तो मैं दो मिनट में ही खत्म कर देता।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य से सहमत हूं कि किसी मौके पर कोई कूटनीतिज्ञ अगर मुस्करा दिया, तो इसके आधार पर नीति बदल गई, ऐसा नहीं समझना चाहिए। इस सवाल पर मैं उनसे सहमत हूं। लेकिन मैं उससे एक कदम

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

और आगे जा कर कहना चाहता हूं कि किसी एक ब्राडकास्ट से पूरी नीति पुनर्विचार के लिए खुल गई है, ऐसा भी मैं मानने के लिए तैयार नहीं हूं। उस ब्राडकास्ट के सम्बन्ध में अपनी प्रतिक्रिया हमने प्रबल शब्दों में प्रकट की है।

उन्होंने मुझे याद दिलाया है कि मैं जब उधर बैठता था तब क्या कहता था। मुश्किल यह है कि इधर आ कर मैं तो बदल गया हूं लेकिन वे नही बदले हैं। अब मुझे देश के हितों की रक्षा करके दिखानी है। सदन को यह आश्वासन दिलाने की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिये कि जहां तक राष्ट्र के उदात्त हितों का, राष्ट्र के सम्मान का प्रश्न है यह सरकार सजग है, जागरूक है **(इन्टरप्शंस)** अब हमारे माननीय सदस्य कहते हैं कि विरोध भेजने से कुछ नहीं होता है। वे विरोध पत्र भेजने के खिलाफ हैं। लेकिन फिर भी पूछ लेते हैं कि विरोध पत्र भेजा है या नहीं भेजा है। मेरा निवेदन है कि आप अपने मन की दुविधा को समाप्त कर लें। मैं सदन को विश्वास में लेना चाहता हूं और बताना चाहता हूं कि जनता सरकार मार्च में बनी, उसको एक स्थिति उत्तराधिकार में मिली, 1977 से पहले भी बहुत कुछ हो चुका था, अब हमारे सामने दो विकल्प थे और मैं बड़ी सफाई के साथ बात कहना चाहता हूं। एक विकल्प यह है कि हम चीन से कहते कि जब तक सीमा विवाद तय नहीं होगा तब तक आपके साथ कोई सम्बन्ध नहीं रखे जाएंगे और यह सरकार यह करने के लिए स्वतंत्र थी अगर सदन का समर्थन प्राप्त होता। दूसरा यह था कि सीमा के सम्बन्ध में भारत के दृष्टिकोण पर दृढ़ रहते हुए, अपना दृष्टिकोण स्पष्ट और सुदृढ़ रूप में रखते हुए हम संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयत्न करते। सरकार ने दूसरी नीति अपनाने का निश्चय किया है और उसी नीति की दिशा में हम आगे बढ़े रहे हैं। लेकिन इसके कारण सीमा के सम्बन्ध में भारतीय दृष्टिकोण में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है।

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: I want to seek a clarification. He has not said anything about demarcation. We have been sleeping over it.

MR. SPEAKER: Have you anything further to add?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : हमने इसकी जरूरत नहीं समझी।

SHRI JYOTIRMOY BOSU: The matter was on the Floor of the House. He has spoken about the boundary: the boundary demarcated by whom?

MR. SPEAKER: You need not reply to that.

**श्री विजय कुमार मलहोत्रा** : मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कुछ बातें स्पष्ट कर दी हैं। उन्होंने कहा है कि अपनी सीमा के सम्बन्ध में अपने दृष्टिकोण को सामने रखते हुए भी हम उनके साथ समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं और यह उनसे सम्बन्ध सुधारने की कोशिश में किया जा रहा है।

बयान में उन्होंने यह भी कहा है :

"We have obtained an improvement in our bilateral relations".

मैं जानना चाहता हूं बाईलेट्रल रिलेशंस में क्या इम्प्रूवमेंट हुआ है ! पिछले तीस साल से लगातार हम यह बात दोहराते जा रहे हैं कि हम चीन के साथ मैत्री चाहते हैं। हर आदमी मैत्री चाहता है। चीन की आबादी अस्सी करोड़ है और हिन्दुस्तान की साठ करोड़ है। दोनों की आबादी को मिला दिया जाए तो

वह दुनिया की एक तिहाई आबादी हो जाती है। यह ठीक बात है कि चीन से अगर हमारी सेना हटा ली जाती है तो पांच सौ करोड़ या एक हजार करोड़ रुपया हमारा साल का बच सकता है। इन सब बातों को ध्यान रखते हुए चीन के साथ सम्बन्ध सुधारना हर कोई चाहेगा और इस पर किसी को आपत्ति नहीं हो सकती हैं। लेकिन यह केवल वन वे ट्रैफिक रहेगा? हम हमेशा ही एक तरफा कार्रवाई करते रहे हैं। प्रधान मंत्री ने देश के गौरव के अनुरूप स्पष्ट कहा है कि चीन ने हमारी भूमि पर अधिकार किया हुआ है और चीन को पहल करनी चाहिये। उन्होंने यह भी कहा है कि जब तक हमारी जमीन लौटाई नहीं जाती है तब तक उसके साथ हमारे सम्बन्ध पूरी तरह से सुधर नहीं सकते है। इसके ऊपर भी चीन ने वावेला मचाया। इस पर भी चीनी मीडिया ने बहुत सख्त प्रचार किया और इसके खिलाफ चारों तरफ बातचीत करनी शुरू की। अध्यक्ष महोदय, दलाई लामा हिन्दुस्तान के अन्दर केवल साउथ में जाते हुए प्रधान मंत्री से मिले थे और इस बात पर चीन ने प्रोटेस्ट भेजने की कोशिश की। मैं अध्यक्ष महोदय, कहना चाहता हूं कि दलाई लामा हिन्दुस्तान के अन्दर प्रधान मंत्री से मिलते हैं कि नहीं, चीन को हिन्दुस्तान के अन्दरूनी मामलों में दखल करने का कोई अधिकार नहीं है। यह बात उसे स्पष्ट होनी चाहिये। अध्यक्ष महोदय, यह स्पष्ट उससे न करते हुए, मंत्री महोदय से मैं पूछना चाहता हूं कि बजाय इसके कि चीन को यह कहा जाता कि हिन्दुस्तान में हमारे प्रधान मंत्री ने क्या कहा है, या दलाई लामा हमारे प्रधान मंत्री से मिलते हैं, इस पर चीन को दखल नहीं देना चाहिये। हमने उसके लिये ऐक्सप्लेनेशन देने की कोशिश की। हमने कहा कि इसलिये नहीं मिले, इसलिये नहीं मिले। और यहां तक कह दिया, मैं समझता हूं कि यह कहने की जरूरत नहीं थी, कि तिब्बत के ऊपर हम चीन का अधिकार मानते हैं, और तिब्बत चीन के अधिकार-क्षेत्र में है।

अध्यक्ष महोदय, चीन ने 14,500 वर्ग मील हमारी भूमि पर कब्जा किया। चीन ने कश्मीर के अन्दर पाकिस्तान का समर्थन किया और अमरीका, चीन तथा पाकिस्तान का त्रिगुट मिल कर हिन्दुस्तान के खिलाफ कार्यवाही कर रहा है, फरक्का के मामले में चीन का रवैया हमारे प्रति दुश्मनी का रवैया है। अध्यक्ष महोदय, मीजोराम और नागालैंड, दोनों के विद्रोहियों को चीन ट्रेनिंग दे रहा है और ट्रेनिंग देने के अलावा वहां पर उनको शस्त्रास्त्र दे रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि बाइलेटरल रिलेशन्स के अन्दर कौन-सी ऐसी चीज हुई है, कौन सा इमप्रूवमेंट हुआ है.....

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Sir, I rise on a point of order. We have expressly taken it for granted in the House that we are not going to malign a country whom we still call a friendly country with whom we have diplomatic relations. Here, the Government have announced that we want to further the cause of friendship between the two great nations. We have paid enough since 1962, nothing short of ten thousand crores of rupees for Harbouring that dead rat of Dalai Lama, Today, again that question has been whipped up and you are allowing this here. I regret to notice that. It should not be allowed.

MR. SPEAKER: There is no point of order.

**श्री विजय कुमार मल्होत्रा** : माननीय सदस्य जिस बात को दोहरा रहे हैं, वह मेरे दोस्त हैं, लेकिन अध्यक्ष महोदय, इस सारे हाउस ने सर्वसम्मति से और सर्वसम्मति से

[श्री विजय कुमार मल्होत्रा]

नहीं बल्कि खड़े हो कर पहली बार हाथ उठा कर प्रतिज्ञा करते हुए यह कहा था कि जो जमीन हमारी चीन ने ली है कितनी भी लम्बी लड़ाई लड़नी पड़े हम उस जमीन को वापस लेंगे। कुछ लोग हिन्दुस्तान में यह बात कह रहे हैं कि चीन को वह जमीन वापस कर दी जाय और जो चीन के पास है उस पर चीन का अधिकार रहे। मंत्री महोदय इसको स्पष्ट कर दें कि ऐसे लोग जो ऐसा षडयंत्र कर रहे हैं और चीन के हाथों वह जमीन रह जाय ऐसी बात कर रहे हैं, उ के बारे में किसी प्रकार का कोई समझौता कभी नहीं किया जायगा, इसको मंत्री जी को स्पष्ट कहना चाहिये।

आज मंत्री महोदय ने कहा कि हम मुस्कराहट की राजनीति या गरमजोशी से हाथ मिलाने की नीति को नहीं मानते हैं। उसी तरह से इस समय हमारे सामने यूगोस्लाविया के प्रेसीडेंट टीटो की बात हो या अमरीका के श्री वांस केवल इतनी बात कह दें कि उनको यह आभास हुआ है कि चीन हमसे मित्रता करना चाहता है, यह आभास की बात नहीं चल सकती है। कौन सी बात हुई? केटोगोरिकल शब्दों में पूछना चाहिये कि मिजोराम और नागालैंड के विद्रोहियों को चीन मदद देना बन्द करेगा कि नहं? चीन पाकिस्तान का समर्थन बन्द करेगा कि नहीं? चीन फर का के मामले में, बांगला देश के मामले में हिन्दुस्तान से दुश्मनी का रवैया बन्द करेगा कि नहीं? चीन ने जो हमारी धरती ली है उसके सम्बन्ध में बातचीत करने के लिये तैयार है कि नहीं? मैं कहना चाहता हूं कि चीन ने एक चीज पर भी कोई पहल नहीं की है। वहां पर दुनिया में हम चीन को रिकग्नाइज कर लें कि तिब्बत भी चीन का हिस्सा है, यह ठीक नहीं है। अध्यक्ष महोदय, बातचीत होनी चाहिये 15 अगस्त, 1947 को या 1949 को जिस दिन चीन ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक अपने आपको डिक्लेयर किया उस दिन जो पोजीशन थी उसके आधार पर बातचीत होनी चाहिये और हमारे प्रधान मंत्री ने जो बातें कही हैं....

MR. SPEAKER: There is no point in repeating the same thing again and again. Please come to the question.

श्री विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, मैं यह पूछना चाहता हूं कि पिछले 30 साल में जो इतिहास दोहराया गया शान्ति के नाम के ऊपर लगातार....

MR. SPEAKER: That is no question again; please come to the question.

श्री विजय कुमार मल्होत्रा : जो गलती, हिमालयन ब्लन्डर हुआ, जिसके अधीन प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरू ने 7 साल तक हमले को छिपाये रखा, न दुनिया को बताया, न लोक-सभा को बताया और एक दिन उनको कहना पड़ा कि गलती हुई, आज चाइना जो हिन्दुस्तान पर दुश्मनी का रवैया कर रहा है... Are you not playing down what China is wanting to do?

MR. SPEAKER: That is not a question.

SHRI VIJAY KUMAR MALHOTRA: I am asking the question.

यह कोई हम प्ले-डाउन तो नहीं कर रहे हैं, जो चाइना यहां हिन्दुस्तान के साथ दुश्मनी का रवैया कर रहा है? इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि चीन से अपने सम्बन्ध सुधारने में कहीं उसी तरह की गलती हम न करें और हिन्दुस्तान के साथ चीन के जो सम्बन्ध हैं, वह अपने हितों को ध्यान में रखते हुए होने चाहियें।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : अध्यक्ष महोदय, वर्तमान सरकार का यह संकल्प है कि पुरानी भूलों को न केवल न दोहराया जायेगा, बल्कि उन्हें ठीक करने की कोशिश की जायेगी। नई भूलें करने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता।

माननीय सदस्य ने यह भी पूछा कि श्री दलाई लामा यहां आये थे, प्रधान मंत्री को मिले थे, इस पर चीन ने विरोध प्रकट किया। हमने उनको विरोध का उत्तर दे दिया है। दलाई लामा भारत में हमारी इच्छा से निवास करते हैं और भारत में तिब्बती संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिये जो कुछ संभव हो सकता है, किया गया है। प्रधान मंत्री से उनकी मुलाकात शिष्टाचार की मुलाकात थी और उस पर चीन को किसी प्रकार का विरोध प्रकट करना नहीं चाहिये।

पता नहीं, माननीय सदस्य को यह कहां से मालूम हुआ कि फरक्का के बारे में भी चीन हस्तक्षेप कर रहा है। फरक्का के प्रश्न को हमने द्वि-पक्षीय वार्ता के आधार पर बंगला देश और भारत के बीच में हल किया है, हमने किसी तीसरी ताकत को उसमें आने नहीं दिया है।

MR. SPEAKER: You wanted to make a statement, Mr. Vajpayee.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: May I request the Congress men not to go by Press Reports. I will be the last person to equate the Congress with Anand Marg.

HON MEMBERS: Agreed.

**13.03 hrs.**

*The Lok Sabha adjourned for Lunch till Five minutes past Fourteen of the Clock.*

---

*The Lok Sabha re-assembled after lunch at twelve minutes past fourteen of the clock.*

[SHRI TRIDIB CHAUDHURI *in the Chair*]

## PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE
### THIRD REPORT

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar): I beg to present the Third Report of the Public Accounts Committee on Paragraphs 11 and 43 of the Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year 1974-75, Union Government (Defence Services).

---

## ELECTION TO COMMITTEES
### (i) COUNCIL OF THE INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE, BANGALORE

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): Sir, on behalf of Dr. Pratap Chandra Chunder I beg to move the follownig:—

"That in pursuance of sub-clause (e) of clause 9(1) of the scheme for the Administration and Management of the properties and funds of the Indian Institute of Science, Bangalore, read with regulations 3.1 and 3.1.1 of Regulations of the Institute, the members of this House do proceed to elect, in such manner as the Speaker may direct, two members from among themselves to serve as members of the Council of the Indian Institute of Science, Bangalore, for the next term commencing from the 1st January, 1978."

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That in pursuance of sub-clause (e) of clause 9(1) of the scheme for the Administration and Management of the properties and funds of the Indian Institute of Science, Bangalore, read with regulations 3.1 and 3.1.1 of Regulations of the Institute, the members of this House do proceed to elect, in such man-